प्रेषिका

अंजलि रानी
ID- UP2326
अपर मुख्या न्यायिक मजिस्ट्रेट
अलीगढ |

सेवा में,

महानिबंधक
माननीय उच्च् न्यायालय,
इलाहाबाद, उ०प्र० ।

द्वारा,

माननीय जिला न्यायाधीश,
अलीगढ ।

विषय – **<u>वार्षिक स्थानांतरण वर्ष 2024 के सम्बन्ध में |</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अत्यंत विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि मेरे द्वारा दिनांक 12/04/2021 को जिला अलीगढ में कार्यभार ग्रहण किया गया है | वर्ष 2024 में प्रार्थिनी का वार्षिक स्थानान्तरण प्रस्तावित है | इस सम्बन्ध में eServices for judicial officers के माध्यम से अपना विकल्प सादर प्रेषित कर रही हूँ |

माननीय महोदय को विनम्रता पूर्वक यह भी अवगत कराना है कि प्रार्थिनी के दो छोटे शिशु है जिसमे एक की उम्र मात्र 03 वर्ष है तथा दुसरे शिशु की 03 माह है एवं वर्तमान में दिनांक 18/09/2023 से मातृत्व अवकाश पर है | उपरोक्त के सम्बन्ध में माननीय महोदय से यह विनम्र प्रार्थना है कि प्रार्थिनी के पति व् सास-ससुर जिला बुलंदशहर में साधारणत: निवास करते है और प्रस्तावित स्थानातरण के समय प्रार्थिनी के दोनों शिशु काफी छोटी अवस्था में होंगे |

अत: माननीय महोदय से आदरसहित अनुरोध है कि उपरोक्त परिस्थिति में प्रार्थिनी द्वारा प्रेषित विकल्प पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जिला बुलंदशहर के समीपवर्ती जिला/स्थान प्रदान कराए जाने हेतू माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करे |

सादर ।

भवदीया

AnjaliRani

अंजलि रानी
(ID- UP2326)
अपर मुख्या न्यायिक मजिस्ट्रेट
अलीगढ |

दिनांक: 12/12/2023

संलग्नक: 1. चिकित्सकीय प्रमाणपत्र
2. दोनों शिशु के जन्म प्रमाण पत्र
3. डिस्चार्ज प्रमाण पत्र